प्रैस नोट

वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के वनोपज प्रभाग के द्वारा दिनांक **21** अक्तूबर, **2020** को "बायो-कम्पोजिट: वुड एंड वुड बेस्ड मटेरियल" शीर्षक विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। बायोकोम्पोजिट एक ऐसी सामग्री है जो दो या अधिक विशिष्ट घटक सामग्रियों से बनी होती है, जिसे अलग-अलग घटक सामग्री जैसे प्लाई वुड, पार्टिकल बोर्ड, फाइबर बोर्ड और वुड पॉलीमर कंपोजिट में मिश्रित करके बेहतर सामग्री प्राप्त करने के लिए की जाती है। प्रारम्भ में डॉ. एन.के. उप्रेती, प्रमुख, वनोपज प्रभाग ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। वेबिनार का उद्घाटन करते हुए संस्थान निदेशक श्री ए.एस. रावत ने अपने सम्बोधन में बायो-कम्पोजिट के महत्व पर जोर दिया। भारत तथा विदेश के चार प्रतिष्ठित वक्ताओं ने बायो-कम्पोजिट के विभिन्न पहलुओं पर प्रस्तुति रखी।

मलेशिया के डॉ. मोहम्मद जावेद, एसोसिएट प्रोफेसर ने "नेचुरल फाइबर एज़ अल्टरनेटिव वुड बेस्ड मैटेरियल्स फॉर वेरियस ऍप्लिकेशन्स" शीर्षक विषय पर तथा डॉ. मार्को पेट्रिक, प्रोफेसर, वुड साइन्स एंड टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट, यूनिवर्सिटी ऑफ लजुब्लजाना, स्लोवेनिया ने "लिक्विफाइड वुड एज़ नेचुरल एंड रिन्यूएबल सोर्स फॉर वुड एडहेसिव, कोटिंग एंड कंपोजिट्स" विषय पर प्रस्तुति दी। भारत से डॉ. शक्ति सिंह चौहान, निदेशक, भारतीय प्लाईवुड उद्योग अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान, बंगलौर और डॉ. मोहम्मद नासिर, सहायक प्रोफेसर, बांदा विश्वविद्यालय, ने "वुड पॉलिमर कम्पोजिट" और "बायो-कम्पोजिट फेब्रिकेशन फ्रॉम नेचुरल एडहेसिव" पर प्रस्तुति दी। वेबिनार में भारत और विभिन्न देशों के 105 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

2020/10/21 12:54